# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय

उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ग्वालियर रोड झाँसी (उ0प्र0)।
**Email Add.- eecdupjnjhansi@gmail.com Mob. No. 9473942725**

**पत्रांक** 1002 / JJM-Burpura / 35 **दिनांक–** 06/06/ 2026

**सेवा में,**

**मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)**
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :–** **दैनिक अमर उजाला, दैनिक जागरण समाचार पत्र एवं ई–सामाचार पत्र हिदुस्तान में प्रकाशित शीर्षक "04 साल पहले कर दिये कनेक्शन, पर नहीं आया नल से जल" की अनुपालन आख्या प्रेषित करने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दिनांक 05.06.2026 को दैनिक अमर उजाला, दैनिक जागरण समाचार पत्र एवं ई–सामाचार पत्र हिदुस्तान में प्रकाशित शीर्षक **"04 साल पहले कर दिये कनेक्शन, पर नहीं आया नल से जल"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है ग्राम हीरापुर, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्मित बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना में सम्मिलित है। **ग्राम हीरपुरा सहित ग्राम के मजरें छोटा हीरापुरा, ढंगा, पाल मुहल्ला व तेदुवारा सहित समस्त ग्राम में पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण कराते हुये ग्राम में कुल 485 नग गृह संयोजन किये गये है, जिसके सापेक्ष 410 नग गृह संयोजनों के माध्यम से पेयजल की निर्धारित रोस्टर के अनुसार नियमित जलापूर्ति की जा रही है। (फोटोग्रॉफ संलग्न)** ग्राम के मजरें छोटा हीरापुर के 20 नग गृह संयोजनों में ग्रामवासियों द्वारा टोटियां एवं जी.आई. स्टैण्ड निकालतें हुये टिल्लू पम्प का प्रयोग करने के कारण मजरें के अन्तिम/ऊँचाई वाले भाग में स्थित घरों तक पेयजल की आपूर्ति नही हो पा रही है एवं ग्राम के मजरों तेदूवारा में बिछायी गयी पाइप लाइन को मुख्य पाइप लाइन से इण्टर कनेक्ट करने वाले भाग में कार्य करने हेतु रक्षा विभाग से अनुमति प्राप्त न होन के कारण पाइप लाइन को मुख्य पाइप लाइन से जोड़े जाने का कार्य (लगभग 170.00 मीटर) शेष है, जिस कारण मजरें के 55 नग घरों में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ नही करायी जा सकी है। **रक्षा विभाग (मुख्यालय), नई दिल्ली के स्तर पर अनुमति लम्बित है।** अनुमति प्राप्त करने के उपरान्त इण्टर कनेक्शन का कार्य पूर्ण कराते हुये ग्राम में शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

अतः आख्या अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

**(मुकेश कुमार सिंह)**
अधिशासी अभियन्ता

**संख्या एवं दिनांक यथोपरि।**

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (बुन्देलखण्ड क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।
3. जिलाधिकारी महोदय, झाँसी को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
4. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग झाँसी।
5. जिला सूचना अधिकारी, झाँसी।
6. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता